राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न योजनाऍ

क्रम सं0	योजना का नाम	अवधी	योजना का संक्षीप्त परिचय
01	जननी बाल सुरक्षा योजन	नियमित	इस योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढावा दिया जाता है जिसके अंतर्गत आशा बहनो के द्वारा अपने गॉव के गर्भवती महिलाओं को सरकारी संस्थानों मे नियमित रूप से लाया जाता है एवं प्रसव के उपरांत शहरी क्षेत्र के महिलाओं को 1000/– रूपये तथा ग्रामिण क्षेत्र की महिलाओं को 1400/– रूपये के प्रोत्साहन राशि भुगतान किया जाता है। साथ ही साथ आशा बहनों को भी प्रोत्साहन के रूप मे 600/– रूपये का भुगतान किया जाता है।
02	नियमित टीकाकरण	नियमित	इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाऍ, किशोरी बालिकाऍ एवं 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पर नियमित टीकाकरण किया जाता है।
03	ग्रामिण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस	प्रत्येक सप्ताह के बुधवार एवं शुकवार को	इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह के किसी एक बुधवार या शुकवार को सभी ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर ए0एन0एम0 बहनों द्वारा गर्भवती महिलाओं को ।छ६, 0–5 वर्ष के बच्चो को टीकाकरण किया जाता है साथ ही साथ सभी महिलाऍ, किशोरीयों को साफ–सफाई एवं स्वच्छता की जानकारी दी जाती है। इस दिन आशा बहनो द्वारा महिलाऍ एवं किशोरियो को टीकाकरण, स्वच्छता, पोषण से संबंधी जानकारी दी जाती है।
04	परिवार नियोजन	नियमित	इस योजना के अंतर्गत दो तरह की सुविधाऍ दी जाती है– 01. स्थायी विधि– इसके अंतर्गत पूरूष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण जिला अस्पताल, एफ0आर0यू0 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियमित रूप से किया जाता है। इसके अंतर्गत पूरूष नसबंदी मे 2000 रू0 एवं महिला बंध्याकरण पर 1400 रू0 की प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। इसमे वैसी महिलाऍ जो प्रसव के साथ ही बंध्याकरण किया जाता है तो 2200 रू0 की प्रोत्साहन राशि अलग से दी जाती है। 02. अस्थायी विधि– इस योजना के तहत परिवार नियोजन के सफल करने हेतु कंडोम, व्लंस च्पससेए म्ब च्पससे आशा बहनो द्वारा घर–घर सुविधाए दी जाती है। साथ ही साथ जिला अस्पताल, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर ए0एन0एम0 बहनो द्वारा प्न्ब एवं च्प्न्ब की सुविधाऍ दी जाती है।
05	राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम	नियमित	इस योजना के अंतर्गत नियमित रूप से जिले के सभी स्कूलो एवं ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर 0–18 वर्ष तक के बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाता है।

06	राष्ट्रीय किशेर स्वास्थ्य कार्यक्रम	नियमित	इस योजना के अंतर्गत 10 से 19 वर्ष के सभी किशोर एवं किशोरीयो को नियमित रूप से प्ल्छ की गोली खिलाई जाती है एवं प्रत्येक 06 माह पर क्रिमी की दवा दी जाती है। साथ ही साथ आशा बहनो द्वारा सभी किशोरीयो को 06 रू0 की दर से ैमदजतल च्पंक उपलब्ध कराया जाता है।
07	विटामिन ए कार्यक्रम	छमाही	इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक छः माह पर जिले के सभी 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक आशा बहनो द्वारा घर–घर जा कर पिलाई जाती है।
08	पल्स पोलियों	–––––	इस योजना अंतर्गत 0–5 वर्ष के सभी बच्चों को प्रति वर्ष 04 से 05 बार पोलियों की दवा घर–घर जा कर पिलाई जाती है।
09	आयोडिन कार्यक्रम	नियमित	इस योजना के तहत आशा बहनो द्वारा घर–घर नमक जॉच किया जाता है एवं आयोडिन युक्त नमक खाने की सलाह दी जाती है।
10	एकीकृत रोग सर्वेक्षण कार्यक्रम	नियमित	इस योजना के अंतर्गत जल जनित एवं संचारी रोग का मुल्याकण एवं अनुश्रवण किया जाता है।
11	राष्ट्रीय कुष्ट निवारण कार्यक्रम	नियमित	इस योजना के अंतर्गत आशा बहनो द्वारा रोगी को खोज किया जाता है एवं इसका नियमित इलाज जिला अस्पताल एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जाता है। साथ ही साथ कुष्ट मरीजों को विशेष रूप से तैयार किया हुआ जूता एवं चप्पल वितरण किया जाता है।
12	राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम	नियमित	इस योजना के अंतर्गत टी0बी0 के मरीजो को नियमित इलाज किया जाता है, जिसमे आशा बहनो द्वारा वैसे मरीजो को 06 माह तक लगातार दवा खिलाई जाती है। दवा कोर्स के समाप्ति पर आशा को 200 रू0 प्रोत्साहन राशि दी जाती है।
13	नेशनल भेक्टर बोर्न डिजिज प्रोग्राम	नियमित	इस योजना के अंतर्गत मुख्य रूप से 05 बिमारीयों मलेरिया, फ्लेरिया, चिकेनगुनीया, कालाजार एवं डेंगू का इलाज जिला अस्पताल एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर दिया जाता है। इसके साथ ही साथ इन रोगो से बचाव हेतु समय–समय पर छिड़काव सभी गॉवो मे किया जाता है।